# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति - 28 मई 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 63 हजार 402 सैम्पलों की हुई जांच, प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 4.4 प्रतिशत

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर लगातार घट रही है। आज 28 मई को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 4.4 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 63 हजार 402 सैंपलों की जांच में से 2840 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## छत्तीसगढ़ के तीन शासकीय जिला अस्पतालों को उत्कृष्ट गुणवत्ता प्रमाण पत्र बीजापुर अस्पताल को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन एवं नारायणपुर व कवर्धा जिला अस्पतालों को लक्ष्य सर्टिफिकेशन

- कोरोना महामारी के संकट काल में भी छत्तीसगढ़ राज्य के 03 शासकीय जिला अस्पतालों बीजापुर, नारायणपुर, कवर्धा को भारत सरकार द्वारा उत्कृष्टता स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रमाण पत्र दिया गया है।

- केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा बीजापुर के जिला अस्पताल को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण-पत्र (NQAS – National Quality Assurance Standard) दिया गया है।

- इसी प्रकार जिला अस्पताल नारायणपुर और जिला अस्पताल कवर्धा को प्रसव संबंधी उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए लक्ष्य सर्टिफिकेशन प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है। जिला अस्पताल नारायणपुर के मेटरनिटी ऑपरेशन थियेटर व लेबर रूम को 89-89 प्रतिशत एवं जिला अस्पताल कवर्धा के मेटरनिटी ऑपरेशन थियेटर को 89 प्रतिशत व लेबर रूम को 87 प्रतिशत अंक मिले हैं। प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व भारत सरकार की विशेषज्ञों की टीम द्वारा अस्पतालों की ओपीडी, आई.पी.डी, प्रसव कक्ष, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और जनरल एडमिन व्यवस्था का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन में खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रमाण-पत्र जारी किए जाते हैं।

## ई–संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा के जरिए 74 हजार मरीज लाभान्वित

- राज्य में 1513 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के जरिए ई–संजीवनी ओपीडी सेवा के माध्यम से लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों से सलाह और उपचार सुविधा प्राप्त हुई। सितम्बर 2020 से प्रारंभ हुई इस सेवा के माध्यम से मरीज अपने घर में ही रहकर अपने कम्प्युटर या मोबाईल से ही डॉक्टर से सलाह / उपचार ले रहे है। यह सेवा पूरे राज्य में जिला चिकित्सालयों में संचालित टेली मेडिसिन हब के माध्यम से उपलब्ध कराई जा है। इसके जरिए लगभग 74 हजार मरीजों को ऑनलाईन सलाह व उपचार प्रदान किया गया।

## पी.सी.पी.एन.डी.टी. के तहत सोनोग्राफी केन्द्रों के पंजीयन एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया ऑनलाईन होगी

- भारत सरकार के दिशा–निर्देश एवं ease of doing business के क्रियान्वयन हेतु पी.सी.पी.एन.डी.टी. (Pre-Conception and Pre-Natal Diagnostic Techniques) अंतर्गत सोनोग्राफी केंद्रों के पंजीयन एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया ऑनलाईन प्रारंभ की गई है ताकि कोविड संक्रमण के दौर में पेपरलेस कार्य सुचारू रूप से किया जा सके। इसके लिए पी.सी.पी.एन.डी.टी. साइट, सिक्योरिटी ऑडिट एवं सर्टिफिकेशन भारत सरकार की अधिकृत एजेंसी से कराया गया है।

## आज दिनांक 28 मई 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 7,75,199 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 5778 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 271, बीपीएल के 1858, एपीएल के 3543, फ्रंटलाइन वर्कर के 106 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 2840 |
| | | कुल | 965208 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 976 |
| | | कुल* | 154964 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 3985 |
| | | कुल* | 750397 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 4961 |
| | | कुल | 905361 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 46932 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल – 67 | कोविड–19 | 29 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 38 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

**आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 63,402**

## छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 28-05-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 56 | 95386 | 25 | 13888 | 76 | 78608 | 92496 | 1132 | 11 | 1758 |
| 2 | राजनांदगांव | 40 | 55458 | 14 | 12385 | 60 | 41750 | 54135 | 828 | | 495 |
| 3 | बालोद | 62 | 26421 | 45 | 8546 | 72 | 16614 | 25160 | 890 | 4 | 371 |
| 4 | बेमेतरा | 22 | 19537 | 9 | 3199 | 78 | 15332 | 18531 | 779 | | 227 |
| 5 | कबीरधाम | 40 | 22402 | 4 | 2262 | 72 | 19049 | 21311 | 829 | 2 | 262 |
| 6 | रायपुर | 140 | 155639 | 124 | 29332 | 256 | 120795 | 150127 | 2422 | 5 | 3090 |
| 7 | धमतरी | 110 | 25884 | 12 | 2457 | 105 | 21622 | 24079 | 1290 | 1 | 515 |
| 8 | बलौदाबाजार | 140 | 41182 | 58 | 8266 | 323 | 30129 | 38395 | 2346 | 3 | 441 |
| 9 | महासमुंद | 59 | 30268 | 26 | 3801 | 171 | 24283 | 28084 | 1844 | 2 | 340 |
| 10 | गरियाबंद | 66 | 19043 | 10 | 3377 | 108 | 14585 | 17962 | 897 | | 184 |
| 11 | बिलासपुर | 63 | 64447 | 66 | 6951 | 164 | 55050 | 62001 | 1259 | 2 | 1187 |
| 12 | रायगढ़ | 168 | 60360 | 117 | 11656 | 302 | 44079 | 55735 | 3723 | 9 | 902 |
| 13 | कोरबा | 143 | 53096 | 73 | 4515 | 300 | 45713 | 50228 | 2326 | 3 | 542 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 155 | 54890 | 115 | 7473 | 234 | 43695 | 51168 | 2977 | 5 | 745 |
| 15 | मुंगेली | 157 | 23432 | 8 | 923 | 199 | 20786 | 21709 | 1564 | 2 | 159 |
| 16 | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 66 | 11549 | 11 | 710 | 116 | 9442 | 10152 | 1257 | | 140 |
| 17 | सरगुजा | 260 | 31725 | 35 | 3554 | 123 | 24562 | 28116 | 3379 | 5 | 230 |
| 18 | कोरिया | 152 | 25337 | 48 | 1549 | 205 | 19992 | 21541 | 3637 | 2 | 159 |
| 19 | सूरजपुर | 222 | 27155 | 17 | 1870 | 258 | 21478 | 23348 | 3608 | 3 | 199 |
| 20 | बलरामपुर | 151 | 18925 | 5 | 1414 | 117 | 14582 | 15996 | 2820 | | 109 |
| 21 | जशपुर | 170 | 24612 | 32 | 4384 | 245 | 17667 | 22051 | 2379 | 3 | 182 |
| 22 | बस्तर | 125 | 18615 | 34 | 4205 | 121 | 12673 | 16878 | 1566 | | 171 |
| 23 | कोंडागांव | 57 | 12005 | 5 | 1618 | 81 | 9497 | 11115 | 797 | 1 | 93 |
| 24 | दंतेवाड़ा | 55 | 9536 | 18 | 4053 | 49 | 5059 | 9112 | 404 | | 20 |
| 25 | सुकमा | 33 | 5788 | 20 | 3319 | 23 | 2309 | 5628 | 145 | | 15 |
| 26 | कांकेर | 49 | 22611 | 15 | 3231 | 121 | 18078 | 21309 | 1097 | 2 | 205 |
| 27 | नारायणपुर | 23 | 3411 | 26 | 2588 | 4 | 645 | 3233 | 168 | | 10 |
| 28 | बीजापुर | 56 | 5804 | 4 | 2897 | 2 | 2323 | 5220 | 548 | 1 | 36 |
| 0 | अन्य राज्य | 0 | 690 | 0 | 541 | 0 | 0 | 541 | 21 | 1 | 128 |
| | **महायोग** | **2840** | **965208** | **976** | **154964** | **3985** | **750397** | **905361** | **46932** | **67** | **12915** |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



←— मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं —→

